आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 05.03.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केदारनाथ और हेमकुंड साहिब के लिए रोपवे निर्माण को मंजूरी दी।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– सरकार ने लोगों, अर्थव्यवस्था और नवाचार के साथ ही बुनियादी ढांचे तथा निवेश को एकसमान प्राथमिकता दी।
- प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री कल उत्तरकाशी के मुखबा में मां गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल पर पूजा–अर्चना करेंगे।
- चमोली जिले में गोविन्दघाट से हेमकुंड साहिब व फूलों की घाटी को जोड़ने वाला सस्पेंशन मोटर पुल क्षतिग्रस्त हुआ।

केंद्रीय मंत्रिमंडल

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केदारनाथ और हेमकुंड साहिब के लिए रोपवे के निर्माण को मंजूरी दे दी है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गये निर्णयों की जानकारी देते हुए केंन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12 दशमलव 9 किलोमीटर लंबी परियोजना को 4 हजार 81 करोड़ 28 लाख रुपये की लागत से विकसित किया जाएगा।

श्री वैष्णव ने बताया कि पर्वतमाला परियोजना के तहत उत्तराखंड में गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब जी तक 12 दशमलव 4 किलोमीटर लंबी रोपवे परियोजना को 2 हजार 730 करोड़ 13 लाख रुपये की लागत से तैयार किया जाएगा।

प्रस्तावित रोपवे योजना हेमकुंड साहिब जी के दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों और फूलों की घाटी में आने वाले पर्यटकों को सुविधा प्रदान करने के लिए बनाई गई है। यह रोपवे परियोजना गोविंदघाट और हेमकुंड साहिब जी के बीच हर मौसम में अंतिम मील की कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा।

बजट वेबिनार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने निवेश में बुनियादी ढांचे और उद्योगों को जितनी प्राथमिकता दी है, उतनी ही प्राथमिकता लोगों, अर्थव्यवस्था और नवाचार को भी दी है। आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार पर बजट के बाद एक वेबिनार को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि लोगों में निवेश का लक्ष्य तीन स्तंभों शिक्षा, कौशल और स्वास्थ्य सेवा पर टिका है। उन्होंने कहा कि आज लोग देख सकते हैं कि कैसे कई दशकों के बाद भारत की शिक्षा प्रणाली एक बड़े बदलाव से गुजर रही है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए इस बार के बजट में कई कदम उठाए हैं।

शीतकालीन यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल उत्तराखंड के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान श्री मोदी उत्तरकाशी के मुखबा में मां गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल पर दर्शन और पूजा–अर्चना करेंगे। वे एक पैदल यात्रा और बाइक रैली को हरी झंडी दिखाएंगे। साथ ही हर्षिल में एक सार्वजनिक समारोह में जनसमूह को संबोधित भी करेंगे।

उत्तराखंड सरकार ने इस साल शीतकालीन पर्यटन कार्यक्रम शुरू किया है। हज़ारों श्रद्धालु पहले ही गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ के शीतकालीन स्थलों की यात्रा कर चुके हैं। इस कार्यक्रम का

उद्देश्य धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना और स्थानीय अर्थव्यवस्था, होमस्टे सहित पर्यटन व्यवसाय को बढ़ावा देना है।

श्री मोदी के दौरे को देखते हुए उत्तरकाशी जिला प्रशासन ने हर्षिल–मुखबा में सभी तैयारिंयां पूरी कर ली हैं। प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए मुखबा–हर्षिल को भव्य रुप से सजाया गया है। इस बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुखबा और हर्षिल में तैयारियों का जायजा लिया।

## सस्पेंशन मोटर पुल

चमोली जिले में गोविन्दघाट से हेमकुंड साहिब और विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी को जोड़ने वाला सस्पेंशन मोटर पुल भूस्खलन के चलते क्षतिग्रस्त हो गया है। पुल हादसे में एक व्यक्ति की मृत्यु की खबर है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया गोविंदघाट में पुल टूटने की घटना के बाद एसडीआरएफ समेत सभी विभागों की टीम मौके पर पहुंच गई हैं। प्रशासन पुलना गांव में निवासरत लोगों को आवश्यक वस्तुओं और अन्य सुविधाओं को उपलब्ध कराने में जुटा है।

## डॉ धन सिंह रावत

सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज राज्य के 20 किसानों के एक दल को सहकारिता, बागवानी, मत्स्य पालन, डेयरी, बहुउद्देशीय सहकारी समितियों के गहन अध्ययन के लिए महाराष्ट्र और कर्नाटक रवाना किया। डॉ. रावत ने कहा कि भ्रमण के बाद ये सभी किसान अपने जिलों में गोष्ठि के माध्यम से अन्य किसानों को प्रशिक्षित कर मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना है।

## "पोषण भी,पढ़ाई भी" कार्यक्रम

पौड़ी जिले में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की और से "पोषण भी, पढ़ाई भी" कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित कर बच्चों को पोषणयुक्त आहार देने के साथ ही उनकी शिक्षा और मानसिक विकास पर भी ध्यान दिये जाने की आवश्यकता पर बल दिया जा रहा है। साथ ही बच्चों के भोजन की गुणवत्ता, रंग और उनके पोषण संबंधी लाभों के बारे में जानकारी दी जा रही है, जिससे वे बेहतर तरीके से बच्चों और अभिभावकों का मार्गदर्शन कर सकें।

## एम्स ऋषिकेश

ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान– एम्स में स्पेशल लंग्स क्लीनिक संचालित किया जा रहा है। यह क्लीनिक प्रत्येक शुक्रवार को पल्मोनरी विभाग की ओपीडी में आयोजित होता है। पल्मोनरी विभाग के प्रोफेसर डॉ. मयंक मिश्रा ने बताया कि लंग्स क्लीनिक में पल्मोनरी विभाग के चिकित्सकों के अलावा, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी और रेडिएशन ऑन्कोलॉजी के विशेषज्ञ चिकित्सक भी रोगी की जांच के लिए उपलब्ध रहते हैं। उन्होंने बताया कि लंग्स केंसर के रोगियों के लिए ब्रोंकोस्कोपी के माध्यम से बीमारी की अवस्था, निदान और इलाज की सुविधा भी उपलब्ध है।

आदर्श महिला हितैषी ग्राम पंचायत

पंचायती राज राज्य मंत्री प्रोफेसर एस. पी. सिंह बघेल तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने आज नई दिल्ली में आयोजित एक राष्ट्रीय सम्मेलन में पंचायती राज मंत्रालय की आदर्श महिला हितैषी ग्राम पंचायत पहल की शुरुआत की। यह पहल मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 समारोह का एक हिस्सा है। इसका उद्देश्य प्रत्येक जिले में कम से कम एक आदर्श महिला हितैषी ग्राम पंचायत की स्थापना करना है। इस कार्यक्रम में विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं।